भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3815**
दिनांक 18 मार्च , 2021 / 27 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई अड्डों का निर्माण

3815. श्री एम.सेल्वराज:
डॉ. ए.चेल्लाकुमार:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश के विभिन्न राज्यों में हवाईअड्डों के विकास/निर्माण करने का है;

(ख) यदि हां, तो तमिलनाडु सहित राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इनमें से कितने हवाई अड्डों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या विभिन्न राज्यों ने अपने क्षेत्रों में विमानन सुविधाएं बढ़ाने का अनुरोध किया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ख) हवाई अड्डों का विकास एक सतत प्रक्रिया है तथा भूमि की उपलब्धता, व्यावसायिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक परामर्शों, परिवहन मांग/ऐसे हवाई अड्डों से व तक प्रचालन करने की एयरलाइनों की स्वेच्छा पर निर्भर रहते हुए इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पूरा किया जाता है। भारत सरकार ने देशभर में नामतः गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, शिरडी और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में बीजापुर, हसन, कलबुरगी तथा शिमोगा, मध्य प्रदेश में दतिया (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर एवं नोएडा, गुजरात में ढोलेरा एवं हिरासर, पुड्डुचेरी में कडाइकल, आंध्र प्रदेश में दागादार्थी, भोगमपुरम तथा ओर्वाकल, पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग, केरल में कन्नूर तथा अरुणाचल प्रदेश में होलोंगी, ईटानगर 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना का 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान कर दिया है। इनमें से पाँच हवाई अड्डे नामतः शिरड़ी, दुर्गापुर, पाक्योंग, कन्नूर एवं कलबुरगी संचालित हो चुके हैं।

(ग) किसी हवाई अड्डे को एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर घोषित किया जाना, ग्राउंड लाइटिंग सुविधाओं, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम, रनवे की पर्याप्त लंबाई, इमिग्रेशन, स्वास्थ्य एवं पशु प्लांट क्वारंटीन सेवाओं के अलावा यातायात संभाव्यता एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए एयरलाइनों से प्राप्त मांग पर निर्भर करता है। उन 21 हवाई अड्डों में से जिनके लिए हमने 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है, गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई तथा शिरडी, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर, गुजरात में हिरासर एवं ढोलेरा, आंध्र प्रदेश में भोगमपुरम तथा केरल में कन्नूर को अंतर्राष्ट्रीय हवाई

अड्डे के रूप मे विकसित किए जाने हेतु अनुमोदित कर दिया गया है।

(घ) एवं (ङ): ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास/निर्माण के अलावा, भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय ने देश में अल्पसेवित तथा असेवित हवाई अड्डों को क्षेत्रीय वायु संपर्कता सुविधा प्रदान करने/प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तथा जनता के लिए विमान यात्रा को वहनीय बनाने के लिए क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) अक्टूबर, 2016 में प्रारंभ की है। हवाई पट्टियों/हवाई अड्डों का पुनरूद्धार अनेक रियायतें प्रदान करने के लिए एयरलाइन् प्रचालकों के साथ ही साथ राज्य सरकारों की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ "मांग चालन" पर निर्भर करती है। योजना के अंतर्गत, 08.03.2021 तक 2 वाटर एयरोड्रोमों तथा 5 हेलीपोर्टों के साथ 49 हवाई अड्डों का पुनरूद्धार/विकास किया जा चुका है। इन हवाई अड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर एयरोड्रोमों की सूची अनुबंध पर संलग्न है।

*****

अनुबंध

दिनांक 18.03.2021 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न सं 3815 के उत्तर का विवरण।

दिनांक 08.03.2021 तक प्रचालित आरसीएस हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर एयरोड्रोमों की सूची

क्रम संख्या	राज्य	हवाई अड्डा
1.	आंध्र प्रदेश	कडप्पा (अल्प सेवित)
2.	असम	जोरहाट (अल्प सेवित)
3.	असम	लीलाबारी (अल्प सेवित)
4.	असम	तेजपुर (अल्प सेवित)
5.	बिहार	दरभंगा
6.	छत्तीसगढ़	जगदलपुर
7.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर
8.	दमन और दीव	दीव (अल्प सेवित)
9.	गुजरात	भावनगर (अल्प सेवित)
10.	गुजरात	जामनगर (अल्प सेवित)
11.	गुजरात	कांडला
12.	गुजरात	मुंद्रा
13.	गुजरात	पोरबंदर (अल्प सेवित)
14.	गुजरात	स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (वाटर एरोड्रम)
15.	गुजरात	साबरमती रिवर फ्रंट-वाटर एयरोड्रोम
16.	हरियाणा	हिसार
17.	हिमाचल प्रदेश	शिमला
18.	हिमाचल प्रदेश	कुल्लू (अल्प सेवित)
19.	कर्नाटक	बेलगाम (अल्प सेवित)
20.	कर्नाटक	हुबली (अल्प सेवित)

क्रम संख्या	राज्य	हवाई अड्डा
21.	कर्नाटक	मैसूर
22.	कर्नाटक	विद्यानगर
23.	कर्नाटक	कलबुर्गी (गुलबर्गा)
24.	कर्नाटक	बीदर
25.	केरल	कन्नूर
26.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर (अल्प सेवित)
27.	महाराष्ट्र	जलगाँव
28.	महाराष्ट्र	कोल्हापुर
29.	महाराष्ट्र	नांदेड़
30.	महाराष्ट्र	ओज़र (नासिक)
31.	मेघालय	शिलांग (अल्प सेवित)
32.	नागालैंड	दीमापुर (अल्प सेवित)
33.	ओडिशा	झारसुगुड़ा
34.	पांडिचेरी (यूटी)	पांडिचेरी (अल्प सेवित)
35.	पंजाब	आदमपुर
36.	पंजाब	भटिंडा
37.	पंजाब	लुधियाना
38.	पंजाब	पठानकोट
39.	राजस्थान	बीकानेर
40.	राजस्थान	जैसलमेर
41.	राजस्थान	किशनगढ़
42.	सिक्किम	पाक्योंग
43.	तमिलनाडु	सलेम

क्रम संख्या	राज्य	हवाई अड्डा
44.	उत्तर प्रदेश	आगरा (अल्प सेवित)
45.	उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद (अल्प सेवित)
46.	उत्तर प्रदेश	कानपुर (चकेरी)
47.	उत्तर प्रदेश	हिंडन
48.	उत्तर प्रदेश	बरेली
49.	उत्तराखंड	पंतनगर (अल्प सेवित)
50.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़
51.	उत्तराखंड	सहस्त्रधारा **हेलीपोर्ट**
52.	उत्तराखंड	चिन्यालीसौर **हेलीपोर्ट**
53.	उत्तराखंड	गौचर **हेलीपोर्ट**
54.	उत्तराखंड	नई टिहरी **हेलीपोर्ट**
55.	उत्तराखंड	श्रीनगर **हेलीपोर्ट**
56.	पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर (अल्प सेवित)